SL. No. : FF

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 54 ]
Total No. of Questions : 54 ]

**CCE PR**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H** **Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 22. 06. 2017 ] [ Date : 22. 06. 2017

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-15 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-15 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 54 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

यहाँ से काटिए

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

Tear here

## खण्ड - क

## ( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : $9 \times 1 = 9$

1. रवींद्रनाथ ठाकुर जी को नोबेल पुरस्कार क्यों मिला ?
2. गिल्लू गर्मी से बचने के लिए क्या करता था ?
3. लेखक परसाई जी ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?
4. इंटरनेट का अर्थ क्या है ?
5. भारत भूमि के अंदर क्या-क्या भरा हुआ है ?
6. आधुनिक पुरुष ने किस पर विजय पायी है ?
7. कर्नाटक को 'चंदन का आगार' क्यों कहा जाता है ?
8. भगवान की दया से क्या होता है ?
9. तुलसीदास जी के अनुसार राम नाम को जपने से क्या होता है ?

II. 10. **स्तम्भ - क** के वाक्यांशों के साथ **स्तम्भ - ख** के सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए :

$5 \times 1 = 5$

| **स्तम्भ - 'क'** | **स्तम्भ - 'ख'** |
|---|---|
| अ) साहनी जी का बचपन | i) मातृभूमि |
| आ) तिम्मक्का का | ii) राम |
| इ) धर्म का मूल | iii) अभिमान |
| ई) जसुमति | iv) पुस्तक प्रेम |
| उ) अमरों की जननी | v) पर्यावरण प्रेम |
| | vi) अंधेरी गुफा जैसी |
| | vii) दया |
| | viii) यशोदा । |

III. प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 5 × 1 = 5

11. आर्ट गैलरी : जगनमोहन राजमहल : : व्हिस्परिंग गैलरी :

12. तिम्मक्का : कक्केनहल्ली : : चंद्रशेखर कंबार :

13. मातृभूमि के वन-उपवन : फल-फूलों से भरे : : मातृभूमि के खेत :

14. संत का स्वभाव : हंस के समान : : मुखिया का स्वभाव :

15. आधुनिक तंत्रज्ञान का परिचय : इंटरनेट क्रांति : : आधुनिक मानव का परिचय :

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 14 × 2 = 28

16. शांतिनिकेतन की स्थापना का उद्देश्य क्या था ?

17. सोशल नेटवर्किंग का परिणाम समाज पर कैसे पड़ रहा है ?

18. गिल्लू, महादेवी वर्मा जी को कैसे चौंकाता था ?

19. बांध और जलाशयों के क्या उपयोग हैं ?

20. साहित्य के संबंध में साहनी जी की राय क्या है ?

21. चप्पलों की चोरी होने पर ईमानदार डेलीगेट ने क्या सुझाव दिया ?

22. राष्ट्रभाषा हिन्दी के बारे में कंबार जी के क्या विचार हैं ?

23. मातृभूमि कविता में भारत माँ का स्वरूप कैसे सुशोभित है ?

24. बालकृष्ण अपनी माँ से क्या-क्या शिकायतें करता है ?

25. भिखारी को भगवान की लीला अजीब क्यों लगी ?

26. साहनी जी बचपन में अन्य बालकों से क्यों जलते थे ?

27. यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?

28. शनि एक अत्यंत ठंडा ग्रह है । कैसे ? बताइए ।

**अथवा**

झूठ बोलने का परिणाम क्या होता है ?

29. हमारे जीवन में समय का क्या महत्व है ?

**अथवा**

शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 5 × 3 = 15

30. तिम्मक्का का एक आदर्श व्यक्तित्व है । कैसे ? बताइए ।

31. भिखारी के मानवीय गुणों का वर्णन कीजिए ।

32. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

33. रवींद्र जी की साहित्यिक साधना का परिचय दीजिए ।

34. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

''तुलसी साथी विपत्ति के, विद्या, विनय विवेक
साहस सुकृति सुसत्यव्रत, राम भरोसो एक ।।''

VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : 4

35. बसंत ईमानदार लड़का है । कैसे ? बताइए ।

**अथवा**

पं० राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए ।

36. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4

''प्रसार तेरी ................................................
..................................................................
..................................................................
................................................ गा रही हैं !''

**अथवा**

''राम नाम ................................................ ।
........................................ चाहसी उजियार ।।''

## खण्ड - ख

## ( व्याकरण )

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं । उनमें सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित उत्तर पूर्ण रूप से लिखिए : $10 \times 1 = 10$

37. 'दिन' का विलोमार्थक शब्द है

(A) सुबह (B) रात

(C) शाम (D) दोपहर ।

38. निम्नलिखित शब्दों में स्त्रीलिंग है

(A) कवि (B) भिखारी

(C) पति (D) युवती ।

39. निम्नलिखित शब्दों में प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया है

(A) चलन (B) चाल

(C) चलाना (D) चलनशील ।

40. 'पसीना बहाना' मुहावरे का अर्थ है

(A) परिश्रम करना (B) पसीना आना

(C) परिचित होना (D) बहाना बनाना ।

41. कर्नाटक राज्य ................ शिल्पकला अनोखी है ।

वाक्य में उचित कारक चिह्न भरिए ।

(A) के (B) का

(C) की (D) कि ।

42. 'दाल-रोटी' शब्द में समास है

(A) द्वन्द्व (B) तत्पुरुष

(C) कर्मधारय (D) बहुव्रीहि ।

43. पं० राजकिशोर कहाँ रहते हैं ? वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है

(A) पूर्ण विराम (B) प्रश्नवाचक

(C) अल्प विराम (D) उद्धरण ।

44. 'संग्रहालय' शब्द में संधि है

(A) गुण (B) यण्

(C) अयादि (D) दीर्घ ।

45. निम्नलिखित शब्दों में 'एकवचन' है

(A) मालाएँ (B) चिड़िया

(C) बच्चे (D) आँखें ।

46. 'महिला' शब्द का पर्यायवाची शब्द है

(A) महिमा (B) नर

(C) नारी (D) मानव ।

## खण्ड - ग

## ( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध )

VIII. 47. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

गांधी जी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे । वे सत्य को भगवान मानते थे । अहिंसा को सबसे बड़ा धर्म मानते थे । उन्होंने बचपन से ही अहिंसा का पालन करना सीखा । उनके सत्यवादी बनने की घटना बड़ी रोचक है । दूसरे बालकों की तरह वे भी बचपन में जिद करते थे, झूठ बोलते थे, गलतियाँ भी करते थे । किंतु उन्हें एक बार 'राजा सत्य हरिश्चंद्र' नाटक देखने का मौका मिला । वे उससे अत्यंत प्रभावित हुए । इस नाटक को देखने के बाद गांधी जी ने सत्यवादी बनने का निश्चय किया ।

i) गांधी जी किसके पुजारी थे ?

ii) बचपन में गांधी जी का स्वभाव कैसा था ?

iii) गांधी जी के विचार में सबसे बड़ा धर्म कौन-सा है ?

iv) गांधी जी किससे अत्यंत प्रभावित हुए ?

v) गांधी जी सत्य को क्या मानते थे ?

IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए : $5 \times 1 = 5$

48. भगवान से उसे कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली ।

49. आज का युग इंटरनेट का युग है ।

50. कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है ।

51. मैं आपके प्रति अत्यंत आभारी हूँ ।

52. हमारा गाँव घटप्रभा नदी के तट पर है ।

X. 53. अपनी परीक्षा की तैयारी के बारे में बताते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए । 5

**अथवा**

कोई कारण देते हुए प्रधानाचार्य के नाम छुट्टी के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए ।

XI. 54. दिये गये संकेत बिंदुओं के आधार पर 15 - 20 वाक्यों में कोई एक निबंध लिखिए : 5

क) पर्यावरण प्रदूषण

- प्रदूषण का अर्थ
- प्रदूषण के प्रकार
- बचने के उपाय
- उपसंहार ।

ख) इंटरनेट – एक वरदान

- परिचय
- उपयोगिता
- आज की आवश्यकता
- उपसंहार ।

ग) जनसंख्या की समस्या

- विषय प्रवेश
- जनसंख्या वृद्धि के कारण
- जनसंख्या का नियंत्रण
- उपसंहार ।